# एम.आई.डी.एच. के तहत टिशू कल्चर इकाई के लिए 1 करोड़ रुपये की सब्सिडी

भारत सरकार के एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम आई डी एच) के तहत टिशू कल्चर इकाइयों की स्थापना के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वाणिज्यिक बागवानी के बढ़ावा देने के लिए एम आई डी एच की उप-योजनाओं राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एन एच एम) और पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए बागवानी मिशन (एच एम एन ई एच) के तहत टिशू कल्चर इकाइयों की स्थापना के लिए पात्र लाभार्थियों को सब्सिडी दी जाती है।

निजी लाभार्थियों के लिए, 2.5 करोड़ रुपये की टिशू कल्चर इकाई के लिए 40% की क्रेडिट-लिंक्ड बैक-एंड सब्सिडी प्रदान की जाती है, जो कि 1 करोड़ रुपये है। सार्वजनिक क्षेत्र के लिए, एम आई डी एच 100% वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक टिश्यू कल्चर इकाई को प्रति वर्ष अनिवार्य फसलों के कम से कम 25 लाख पौधों का उत्पादन करना होगा, जो विधिवत रूप से कठोर हों, जिसके लिए व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रोटोकॉल (नियम समूह) उपलब्ध हैं।

टिशू कल्चर इकाइयां स्थापित करने के लिए पात्रता और लागत मानदंडों के बारे में विवरण एम आई डी एच वेबसाइट https://midh.gov.in/ पर दिया गया है।